(b) The Government views such incidents with concern. The information regarding damage caused is being collected and will be laid on the Table of the House.

**1984 के दंगों की जांच**

2932. **श्री राम जेठमलानी :**
**सरदार जगजीत सिंह अरोड़ा :** क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि 1984 के दंगों के संबंध में हलफनामों की जांच करने वाली जैन-अग्रवाल समिति ने कई हलफनामों को आगे जांच के लिए दिल्ली प्रशासन को भेजा है, और यदि हां, तो आगे जांच के लिए दिल्ली प्रशासन को अब तक प्राप्त हुए ऐसे हलफनामों की संख्या कितनी है ;

(ख) क्या दिल्ली प्रशासन ने इन मामलों की आगे जांच का कार्य विभिन्न एजेंसियों को सौंप दिया है, और यदि हां, तो उन एजेंसियों के नाम क्या-क्या हैं तथा प्रत्येक एजेंसी को सौंपे गए मामलों की संख्या कितनी-कितनी है और क्या अंतिम रिपोर्ट भेजने के बारे में कोई समय-सीमा निर्धारित की गई है; और

(ग) कितने मामलों में अक्तूबर, 1991 तक जांच पूरी कर ली गयी थी ?

**संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री और गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम० एम० जैकब) :** (क) से (ख) सूचना एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी।

**राजीव गांधी की हत्या**

2933. **श्री अजीत जोगी :** क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पूर्व प्रधान मंत्री श्री राजीव गांधी की हत्या के मामले में की जा रही जांच के संबंध में अब तक हुई प्रगति का ब्यौरा क्या है ;

(ख) अपराधियों का पता लगाने और इस हत्या के पीछे यदि कोई षडयंत्र हों तो उसका पता लगाने के लिए सरकार क्या कदम उठाने का विचार रखती है ; और

(ग) दोनों आयोग की रिपोर्ट कब तक प्राप्त होने की संभावना है ?

**संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री और गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम० एम० जैकब) :** (क) श्री राजीव गांधी की हत्या के बारे में मामले से संबंधित जांच पड़ताल के दौरान अभी तक 18 अभियुक्त गिरफ्तार किए गए हैं। अनेक गवाहों से पूछताछ की गई और अनेक परिसरों की तलाशी की गई और महत्वपूर्ण बरामदगियां की गई हैं।

(ख) षडयंत्र का मुद्दा जांच-पड़ताल का मामला है। इसे भी न्यायमूर्ति श्री एम० सी० जैन की अध्यक्षता वाले जांच आयोग को भेजा गया है।

(ग) वर्मा-जांच आयोग द्वारा साक्ष्यों को दर्ज करने और मौखिक पूछताछ करने के कार्य के जल्दी ही पूरा किए जाने की संभावना है। उम्मीद है कि जैन जांच आयोग फरवरी, 1992 के अंत तक अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर देगा।

**असम के उग्रवादियों को विस्फोटकों की सप्लाई**

2634. **श्री अजीत जोगी :** क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि असम के उग्रवादियों को बिहार के कोयला क्षेत्रों से विस्फोटक सामग्री सप्लाई की जा रही है ; और

(ख) यदि हां, तो सरकार ने इस संबंध में क्या कदम उठाए हैं ?

**संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री और गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम० एम० जैकब)** : (क) और (ख) आर० पी० एफ० गुवाहाटी द्वारा, गनी बेग के दो पार्सल बरामद किए गए, जिनमें डिटोनेटर थे । अपराध की जांच पड़ताल की जा रही है । राज्य सरकार, सेना और केन्द्रीय अर्ध-सैनिक बल संगठनों की सहायता से इस प्रकार की गतिविधियों को नियंत्रित करने में लगी हुई हैं ।

**विकास बोर्ड**

2935. **श्री अजीत जोगी** : क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार देश में क्षेत्रीय असंतुलन को समाप्त करने के लिए एक विकास बोर्ड स्थापित करने का विचार रखती है; और

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है; और यदि नहीं, तो सरकार इस संबंध में अन्य क्या उपाय करने का विचार रखती है ?

**संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री और गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम० एम० जैकब)** : (क) और (ख) संविधान के अनुच्छेद 371(2) में विदर्भ, मराठवाड़ा और शेष महाराष्ट्र तथा सौराष्ट्र, कच्छ और शेष गुजरात के लिए अलग विकास बोर्डों की स्थापना, करने के लिए राज्यपाल को विशेष जिम्मेदारी दी गई है । अभी तक किसी विकास बोर्ड की स्थापना नहीं की गई है । महाराष्ट्र सरकार द्वारा भेजे गए प्रस्तावों की जांच की जा रही है ।

**Investigation against Chandraswami**

2936. SHRI CHIMANBHAI MEHTA : SHRIMATI MIRA DAS :

Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state :

(a) whether it is a fact that letter rogatory, in connection with the investigation of Shri Chandraswami and Shri K. N. Agarwal, has been despached to Canadian Court by concerned authorities; and

(b) if so, what are the details of the investigation ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI M. M. JACOB) : (a) and (b). The Information is being collected and will be laid on the Table of the House.

**राष्ट्रीय एकता परिषद की बैठक**

2937. **श्री चिमनभाई मेहता :**

**श्री शंकर दयाल सिंह :**

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) नवम्बर के प्रथम सप्ताह में हुई राष्ट्रीय एकता परिषद् की बैठक में किन-किन प्रतिनिधियों ने भाग लिया था; और

(ख) इसकी अगली बैठक कब होगी ?

**संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री और गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम० एम० जैकब)** : (क) पिछली बैठक में भाग लेने वाले सदस्यों की सूची विवरण में दी गई है (**नीचे देखिये**) ।

(ख) दूसरी बैठक की तारीख के बारे में अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया गया है ।